उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ–ग्वालियर

:: सूचना ::

क्रमांक 7463 /स्थापना ग्वालियर, दिनांक 28-12-24

विषय– नियमित शासकीय सेवकों एवं मानदेय/संविदा/दैनिक वेतनभोगी शासकीय सेवकों के IFMIS के अन्तर्गत Employee Profile का समग्र आईडी से सत्यापन एवं आधार से लिंक किये जाने के संबंध में –

––––///––––

मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, भोपाल द्वारा संधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (IFMIS) के अन्तर्गत उपलब्ध शासकीय सेवकों की जानकारी का सत्यापन समग्र आईडी से किया जाना है एवं वेतन भुगतान आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (AEPS) के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में समस्त शासकीय सेवकों को IFMIS के अन्तर्गत Employee Self Service Profile के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित किये जाने एवं IFMIS में समग्र आईडी की प्रविष्टि करने हेतु मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, भोपाल द्वारा सुविधा दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 से उपलब्ध करायी गयी है तथा IFMIS में समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों को समग्र आईडी का पंजीयन/अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल http://samagra.gov.in/ के माध्यम से स्वयं के द्वारा सुनिश्चित किया जाना है एवं जिस बैंक खाते में वेतन प्राप्त हो रहा है, उस बैंक खाते को आधार से भी आवश्यक रूप से लिंक कराया जाना है।

अतः उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ–ग्वालियर के समस्त शासकीय सेवकों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त कार्य को स्वयं के द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2025 तक अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित करें।

(राजीव के० पाल)
प्रिंसिपल रजिस्ट्रार
Principal Registrar
High Court of Madhya Pradesh
Bench Gwalior

28 DEC 2024

IFMIS Samagra ID Linking हेतु निम्नांकित लिंक के माध्यम से लॉगिन करने की सुविधा प्रदत्त है।

[A] **Intranet के माध्यम से स्वान/एनआईसी-नेट/वीपीएन नेटवर्क हेतु लिंक :**
https://ifmisprod.mptreasury.gov.in/IFMS

[B] **इंटरनेट (Internet)/मोबाईल हेतु लिंक :** ***https://mptreasury.gov.in/IFMS***
(*कृपया पॉप-अप ब्लॉकर को अनुमति दें)

IFMIS SAMAGRA ID LINKING PROCESS

1. *सर्वप्रथम अपने कर्मचारी कोड [Employee Code] और पासवर्ड को IFMIS पोर्टल पर लॉगइन करना है।*
2. *IFMIS पोर्टल पर लॉगइन के बाद ओपन होने वाले पेज पर बाईं ओर दिए ऑप्शन HRMIS HOME पर क्लिक करना है। यहां आपको ESS [Employee Self Service] के अंतर्गत E-Profile में Samagra ID Linking ऑप्शन दिखाई देखा, इस पर क्लिक करना है।*
3. *Samagra ID Linking ऑप्शन पर क्लिक करने पर कर्मचारी प्रोफाइल की जानकारी प्रदर्शित होगी, इसके साथ Employee Details As Per Samagra के अन्तर्गत दिए बॉक्स में 9 अंको के समग्र आई०डी० नं० दर्ज कर Validate Button पर क्लिक करना है।*

नोट : Samagra ID Linking के लिए Aadhar E-KYC आवश्यक - IFMIS पोर्टल पर कर्मचारी प्रोफाइल में Samagra ID Linking के लिए समग्र पोर्टल https://samagra.gov.in/ पर Aadhar E-KYC अनिवार्य है, यदि आपने समग्र पोर्टल पर Aadhar E-KYC नहीं की है तो पहले समग्र पोर्टल से E-KYC करें।

4. *Validate Button पर क्लिक करने पर आपको पंजीकृत मोबाईल नं० पर OTP प्राप्त होगा तथा OK करने पर समग्र के अनुसार कर्मचारी का नाम, आधार नं०, मोबाईल नं०, जन्मतिथि आदि जानकारी प्रदर्शित होगी, जानकारी का परीक्षण कर आपको Verify OTP Button पर क्लिक करना है।*
5. *Verify OTP Button पर क्लिक करने पर एक बॉक्स ओपन होगा, यहाँ प्राप्त OTP दर्ज कर OK पर क्लिक करने पर सक्सेस का मैसेज आएगा।*

उपरोक्त प्रक्रिया का अनुसरण कर आप इंटरनेट कैफे, मोबाईल फोन या स्वयं घर बैठे कम्प्यूटर द्वारा इंटरनेट के माध्यम से IFMIS Samagra ID Linking कर सकते है।

।।धन्यवाद।।

#PR@VIJN#